रामनगर मुक्तिधाम तालाब में सौंदर्यीकरण का कार्य होगा सबसे हटकर, भिलाई मेयर नीरज पाल और आयुक्त रोहित व्यास ने संयुक्त रूप से तालाब का अल सुबह लिया जायजा, बेहतर प्लानिंग के साथ तालाब की रूपरेखा तैयार करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संयुक्त रूप से रामनगर मुक्तिधाम के समीप स्थित तालाब का अल सुबह जायजा लिया। लगभग 21 एकड़ क्षेत्रफल में फैले तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाना है इसे महापौर परिषद ने सर्वसम्मति से पारित किया है। इसी के साथ ही शहर के तालाबों को संवारने का काम प्रारंभ हो गया है। रामनगर मुक्तिधाम स्थित तालाब दो भागों में बटा हुआ है जिसके बीच में आने जाने के लिए रास्ता है। तालाब को नेचुरल लुक देने का प्रयास किया जाएगा। तालाब में मनोरंजन एवं लुफ्त उठाने के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद होंगे और यह शहर के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु होगा। इस तालाब की बात करें तो अन्य तालाबों के अपेक्षा इसका क्षेत्रफल अधिक है जिससे इसके सौंदर्यीकरण करने की अपार संभावनाएं जुड़ जाती है और आने वाले लोगो को अच्छा स्पेस मिल पायेगा। ढाई करोड़ की लागत से इस तालाब का कायाकल्प किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने तालाबों को संवारने के लिए राशि देने की घोषणा की थी जिस पर त्वरित अमल किया जा रहा है। महापौर ने इसके लिए शीघ्र विभागीय प्रक्रियायो को पूरा करने के निर्देश दिए है। तालाब के सौंदर्यीकरण में लोगों की सुविधाओं को देखते हुए घूमने के लिए पाथवे , आकर्षक पौधे, पोस्ट लैंप, बैठने के लिए गार्डन चेयर , गाजिबो, फ्लावर पॉट, लैंडस्कैपिंग, वॉल फाउंटेन, चारों ओर सुरक्षित घेरा के लिए फेंसिंग ,भव्य आकर्षक द्वार, रात में पूरे क्षेत्रफल को रोशनी प्रदान करने के लिए हाई मास्क लाइट , पेवर ब्लॉक युक्त पाथवे , शौचालय की सुविधा, छठ पर्व को देखते हुए घाट निर्माण , चेंजिंग रूम की सुविधा , बच्चों के खेलने के लिए चिल्ड्रन पार्क इत्यादि सुविधाएं मौजूद होंगीनिरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले एवं मनीष गायकवाड , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता अरविंद शर्मा , महापौर के निज सचिव वसीम खान एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौजूद रहे